पिछले वर्ष सड़क जाम के बाद मिला था आश्वासन, पर नहीं सुलझी समस्या

शिवसागर बाजार में अधूरे नाला निर्माण से घरों में घुसा बारिश का पानी, परेशानी

ग्रामीणों का अल्टीमेटम कदम नहीं उठाये, तो फिर जाम होगा नेशनल हाइवे

प्रतिनिधि, शिवसागर

शिवसागर में सर्विस लेन में जलजमाव की स्थिति .

शिवसागर बाजार स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे अधूरे नाला निर्माण के कारण एक बार फिर जलजमाव की समस्या गंभीर होती नजर आने लगी है. रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर पानी जमा हो गया, जिससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इस बार आंदोलन और सड़क जाम की स्थिति बन सकती है. स्थानीय लोगों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण कार्य के दौरान नाले का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन कई स्थानों पर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया. नतीजतन बारिश का पानी निकासी नहीं होने से सड़क व आसपास के मुहल्लों में जमा होने लगा है. रविवार की मामूली बारिश ने ही समस्या की गंभीरता को उजागर कर दिया.

आश्वासन के एक साल बाद भी स्थिति में नहीं हुई सुधार: ग्रामीण और दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान जलजमाव की स्थिति इतनी भयावह हो गयी थी कि कई घरों व दुकानों में पानी घुस गया था. समस्या से नाराज लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था. उस समय प्रशासनिक अधिकारियों व निर्माण एजेंसी ने जल्द नाला निर्माण पूरा कराने का आश्वासन दिया था. हालांकि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुई है.लोगों का कहना है कि मनिसून को देखते हुए नाले की सफाई नहीं की गयी है. यदि अधूरा नाला निर्माण शीघ्र पूरा नहीं कराया गया, तो इस वर्ष भी घरों और दुकानों में पानी घुसने की आशंका बनी हुई है.जलजमाव के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है. वहीं गंदा पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है.

समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, एनएचआइए और निर्माण एजेंसी से तत्काल हस्तक्षेप कर अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग की है. लोगों का कहना है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीनी कार्रवाई की जरूरत है. यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले वर्ष भी जलजमाव से परेशान होकर सड़क जाम करना पड़ा था. उस समय जल्द समाधान का आश्वासन मिला था, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है. लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी बरसात के दौरान घरों और दुकानों में पानी घुसा, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

क्या कहते हैं प्रोजेक्ट डायरेक्टर

इस संबंध में एनएचआइए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रंजीत कुमार वर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया. उनके मोबाइल नंबर 8130006227 पर कई बार कॉल किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका .

शराब के साथ धंधेबाज को दबोचा दो नशेड़ी भी गिरफ्तार

राजपुर. पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र से पांच लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज और दो नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि थाना भवन के पीछे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दक्षिण दिशा स्थित बाल नदी तट से बचैला थाना क्षेत्र के छनरा गांव निवासी स्वर्गीय शिवजी सिंह के पुत्र प्रभुनाथ सिंह यादव को पांच लीटर देसी शराब के साथ धर दबोचा गया.वहीं शराब पीकर नशे में हंगामा करने की सूचना पर पुलिस ने कपसिया गांव से राम इकबाल सिंह के पुत्र बनारसी सिंह और रामकिशुन सिंह के पुत्र पृथ्वीनाम सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

सिकरिया गांव से वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

कराकाट. थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव से पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. गिरफ्तार वारंटी सिकरियां गांव निवासी जयबंद राम पिता स्व.नथुनी राम बताया जाता है. थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि न्यायालय से वारंट निर्गत था. गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया.वारंटी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

घर के सामने लगी बाइक चोरी, केस दर्ज

नासरीगंज. थाना क्षेत्र के डिहरी गांव से घर के सामने लगी काले रंग की हीडा सीबी बाइक (नंबर बीआर 24 क्यू 8082) को रविवार की रात चोरी हो गयी.इस संबंध में गांव निवासी प्रमोद कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी है. आवेदन में उन्होंने बताया कि रात में बाइक घर के सामने खड़ी कर घर के अंदर चले गये थे. सुबह जब बाहर निकले, तो बाइक गायब मिली.उन्होंने यह भी बताया कि उक्त बाइक उनकी नहीं थी, बल्कि उन्होंने गांव के ही गोपाल चौधरी से निजी कार्य के लिए मांगी थी.थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

B.TECH AT AMITY PATNA
2026 ADMISSIONS OPEN
#1 RANKED PVT. UNIVERSITY FOR ENGINEERING IN BIHAR
As from rankings of National Institutional Ranking Framework 2025, Ministry of Education, Govt. of India
Amity students have secured placements in top organisations like:
amazon
TCS TATA CONSULTANCY SERVICES
SAP
Capgemini
Highest package: 42.37 LPA
250+ companies visited campus for placements
97% students secured placements
Learn from Distinguished Faculty who have authored 900+ research publications and have filed numerous IP applications
Join the league of brilliant students who have published 200+ research papers in reputed journals
Pursue live Industry Projects in collaboration with leading organisations like BRC, AIIMS, Coding Blocks, C-DAC...
Get dedicated placement support at the Corporate Resource Centre through internships, live projects, CXO lectures, mock interviews, personality enhancement modules...
B.TECH SPECIALISATIONS OFFERED:
• Computer Sc. & Engg (CSE)
• CSE (AI & ML) • CSE (Data Science)
ADMISSIONS ALSO OPEN FOR:
• BCA • B.Sc. (IT) • BCA + MCA (Dual Degree)
• MCA • Ph.D – IT • Ph.D – CSE

Scholarship	100%	50%	25%
Agg. %age in XII Boards*	93%+	88%+	70%+

*CBSE/ISC/State (2026/2025)
Amity University Patna, Bailey Road, Rupaspur
Apply at: patna.amity.edu
Helpline: 73600 30061/2/3/4/5 | 7360030066
AMITY UNIVERSITY PATNA

सीएचसी में खुला आयुष्मान कार्ड बनाने का काउंटर

प्रतिनिधि, राजपुर

आयुष्मान काउंटर पर मौजूद आशा .

प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य शुरू हो गया है.इसके लिए प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह नौ से दो बजे तक एक कर्मी काउंटर पर बैठ रहे हैं. प्रखंड आशा प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि जिनका नाम राशन कार्ड से जुड़ा है,उनकी सूची सरकार के आयुष्मान कार्ड पोर्टल पर मौजूद है. शेष लोग अपने आधार कार्ड के साथ काउंटर पर आकर आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी प्राप्त करेंगे. उन्होंने कहा कि अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत सभी घरों में आयुष्मान कार्ड बनाने की सूचना प्रदान करने के लिए आशा को निर्देशित किया गया है.इस मौके पर प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधक संदीप कुमार, कर्मी नवीन कुमार व गौतम समेत अन्य मौजूद रहे.

एमएलसी उम्मीदवार बनने के बाद भलुनीधाम पहुंचे पवन सिंह

स्थानीय विधायक के साथ बैठे पवन सिंह .

☐ नटवार के तेनुअज गांव में समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

प्रतिनिधि, दिनारा

भाजपा समर्थित बिहार विधान परिषद (एमएलसी) उम्मीदवार पवन सिंह ने उम्मीदवार घोषित होने के बाद रविवार को पहली बार रोहतास जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ भलूनीधाम में हाजिरी लगायी. यहां उन्होंने मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और चुनाव में विजय का आशीर्वाद मांगा. उनके साथ राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व दिनारा के विधायक आलोक कुमार सिंह भी मौजूद रहे. भलूनी धाम में पूजा और नटवार में स्वागत के बाद पवन सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ आगे की रणनीति पर भी बैठक की.

स्वागत के लिए पहले से ही सैकड़ों समर्थक और स्थानीय लोग जुटे हुए थे. जैसे ही पवन सिंह का काफिला पहुंचा, समर्थकों ने ढोल-नगाड़े और नारों से उनका स्वागत किया.

भीड़ का उत्साह देखते हुए पवन सिंह अमित राय के आवास की छत पर पहुंचे और वहां से उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया. समर्थकों में उनके साथ सेल्फी और तस्वीरें खिंचवाने की होड़ मच गयी. स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्रीय मुखिया, कई ,जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा-आरएलएम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे. भलूनी धाम में पूजा और नटवार में स्वागत के बाद पवन सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ आगे की रणनीति पर भी बैठक की.

सूअर चोरी के आरोप में दो पक्षों में मारपीट, छह घायल, एक गंभीर

बिक्रमगंज. नगर के सब्जी मंडी के पीछे सोमवार को सूअर चोरी के आरोप को लेकर दो परिवारों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में करीब छह लोग घायल हो गये, जिनमें एक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है.गंभीर रूप से घायल इंदल कुमार को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है. प्रभारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि सब्जी मंडी के पीछे रहने वाले वीर बहादुर और बस स्टैंड के समीप रहने वाले गोविंदा के परिवारों के बीच दो प्रत्यारोप को लेकर विवाद हुआ. देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी, जिसमें कई लोग घायल हो गये. घायल वीर बहादुर ने थाने में दिये आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी दो सूअर चोरी हो गयी थी. उन्होंने गोविंदा के पास अपने सुअरों को देखा और इस संबंध में पूछताछ करने लगे. इसी दौरान विवाद बढ़ गया. आरोप है कि गोविंदा ने लाठी से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया. शोर सुनकर उनकी पत्नी और बेटा मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गयी. वीर बहादुर का आरोप है कि उनके पुत्र इंदल कुमार के सीने में तलवार घोंप दी गयी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. प्रभारी थानाध्यक्ष

घायल पिता व पुत्र .

ने बताया कि कुछ लोग सूचना देकर इलाज कराने गये हैं, जबकि कुछ सीधे अस्पताल पहुंचे हैं. दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त होने और घायलों की चिकित्सीय रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. फिलहाल पुलिस मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. इधर, स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को रविवार को शराब मामले में हुई कार्रवाई से जोड़कर भी देखा जा रहा है. बताया जाता है कि मद्य निषेध थाना पुलिस ने रविवार को लखन को शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था

मोठा गांव का युवक लापता तलाश में जुटी पुलिस

कराकाट. थाना क्षेत्र के मोथा गांव से 19 वर्षीय युवक पवन कुमार के लापता होने पर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है.लापता युवक के दादा आनंदी शाह के बयान पर गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज की गयी है. प्राथमिकी में बताया गया है कि पवन कुमार गुरुवार सुबह करीब आठ बजे घर से यह कहकर निकला था कि वह बिक्रमगंज कपड़े खरीदने जा रहा है. इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा.परिजनों ने पिता और दादा सहित आसपास और बाजारों में उसकी तलाश की, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है. परिवार का कहना है कि पवन अक्सर कपड़े का सामान लेने के लिए बिक्रमगंज या कभी-कभी दिल्ली तक भी जाता रहता था. दादा आनंदी शाह ने बताया कि पवन कुमार अपना मोबाइल साथ लेकर गया था, लेकिन उसका मोबाइल अब बंद आ रहा है. पवन के बड़े पिता अनिल कुमार ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है और वह इसी तरह के काम के लिए अक्सर घर से बाहर जाता रहता था. दो-तीन दिन बीत जाने के बाद अब परिवार की चिंता बढ़ गयी है.थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आनंदी शाह की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और मामले की जांच की जा रही है.

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना - 800001
आवश्यक सूचना
विज्ञापन संख्या - 90 / 2025, खेल विभाग, बिहार के अधीन बिहार खेल सेवा संवर्ग के अंतर्गत जिला खेल पदाधिकारी / सहायक निदेशक, खेल / सहायक निदेशक, युवा / व्यायशाला, एस. एच. एवं शा.शि. महाविद्यालय के लिखित (वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार के पूर्व दिनांक - 18.06.2026 से 20.06.2026 तक दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) किया जायेगा।
दस्तावेज सत्यापन का विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट - https://bpsc.bihar.gov.in पर प्रकाशित है। उक्त कार्यक्रमों में वर्णित समयानुसार उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित उम्मीदवारों के लिए अन्य तिथि निर्धारित नहीं किया जायेगा एवं ऐसे उम्मीदवारों के सम्बन्ध में आयोग निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगा।
परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

मारपीट के बाद चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

दिनारा. नटवार थाना क्षेत्र के रामगढ़ टोला में मामूली विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें एक ही गांव के दो पक्ष आमने-सामने आ गये.इस बारे में रामगढ़ टोला निवासी मनोज चौधरी के पुत्र हीरालाल चौधरी ने आवेदन में बताया कि गांव के ही महेंद्र चौधरी के बेटे सूरज कुमार समेत चार लोगों ने उनपर और उनके भाइयों पर हमला कर दिया. मारपीट में हीरालाल और उनके भाई चोटिल हो गये. थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि हीरालाल के आवेदन के आधार पर सूरज कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है. घटना के बाद रामगढ़ टोला में तनाव का माहौल है. पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी है.



पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (GOVT. OF INDIA UNDERTAKING)
सर्कल ऑफिस, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार – 824101
डीफॉल्टर लिस (उल्लंघन) नियम 2002 के नियम 9(1) के उपबंधों के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रतिचलनस्वरूप एवं पुनर्निर्माण ऐवं प्रतिभूतिहित हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
एतद्द्वारा साधारण रूप से जनता को और विशेष रूप से उपबंधकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / पारी की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/वास्तविक कब्जा उनके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने कब्जाधीन की संपत्ति के लिए गिरवी में प्रतिभूति हित पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। संपत्ति उपबंधकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से पूर्ववर्ति लेनदार, आयकर भुगतान और कराधान विभाग जीरो ही नहीं दावेदार ही समर्थित समाप्तियों के अध्यधीन होगी।
परिशिष्ट- IV-A (नियम 9 (1) का प्रावधान देखें)(सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

क्र. सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/तात्विक अन्य लाभ (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) कार्रवाई अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) कार्रवाई अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	(क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) (ख) ईएमडी (ग) नीलामी वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखा–सासाराम (084600) खाता संख्या–1630300500065 श्री संजय चौधरी पिता श्री मोती चौधरी निवास स्थान- कोटा, एन.पी. पैत्र राईसे के पास, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-822115 इसके अलावा- शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार-821115 श्रीमती पद्मा कुँवर पति श्री मोती चौधरी निवासी- शोभागंज, सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार - 821115	अचल संपत्ति स्थित है: घोसा- रजौधर, रेल थाना- 122, खाता संख्या-13, प्लॉट संख्या-32, हल्का संख्या-6, थाना-सासाराम, जिला-रोहतास, क्षेत्रफल- 1167 वर्ग फुट, सेल डीड संख्या 10832 दिनांक 28.07.2012 श्रीमती पद्मा कुँवर पति मोती चौधरी के नाम पर। चौहद्दी: उत्तर-गिर, दक्षिण-गिर, पूर्व-18 फीट रास्ता, पश्चिम-गिर	क) 02.04.2022 ख) रु.9,48,159/- + अतिरिक्त ब्याज ग) 12.07.2022 घ) सांकेतिक	क) रु.17,81,600/- ख) रु.1,78,160/- ग) रु.25,000/-	दिनांक 23.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें - बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को "जैसा है जहां है के आधार पर" और "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां उपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अनेक्सचरबारी द्वारा वेबसाइट https://baankset.com पर उपलब्ध ई-नीलामी पोर्टलों के माध्यम से 23.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baankset.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि समीचीन हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को संशोधित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।
सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना (वेबसाइट की तिथि में अंग्रेजी तारीख मान्य होगा) प्राधिकृत अधिकारी

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के आपूरित अंक पत्र, औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं क्रॉस लिस्ट/सारणीयन पंजी विद्यालय प्रधान द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर छात्र/छात्रा को वितरण कराने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा संबंधित छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, विद्यालय के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के अंक पत्र, औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं क्रॉस लिस्ट/सारणीयन पंजी विद्यालयवार समिति द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष दूत के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा जा चुका है।

2. सभी विद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि कंडिका–1 में वर्णित अभिलेख जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से शीघ्र प्राप्त कर अपने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को अंक पत्र एवं औपबंधिक प्रमाण पत्र अविलंब वितरित करेंगे तथा इसकी पावती एवं क्रॉस लिस्ट/सारणीयन पंजी विद्यालय में सुरक्षित संधारित रखेंगे। किसी छात्र/छात्रा का अंक पत्रादि अनुपलब्ध रहने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को सूचित करते हुए इसकी सूचना समिति को भी देंगे, ताकि अंक पत्रादि उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

3. विद्यालयों के प्रधान को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि छात्र/छात्राओं को उक्त अंक पत्रादि वितरण करने से पूर्व उसका मिलान विद्यालय में रक्षित अभिलेख से अवश्य कर लें। मिलान करने के दरम्यान यदि किसी छात्र/छात्रा के अंक पत्र में त्रुटिपूर्ण फोटो यथा–किसी दूसरे छात्र–छात्रा/व्यक्ति का फोटो मुद्रित हो अथवा फोटो मुद्रित नहीं हो अथवा अस्पष्ट फोटो मुद्रित हो, तो वैसे अंक पत्र संबंधित छात्र/छात्रा को इस्तगढ़ नहीं कराया जाय। ऐसे त्रुटिपूर्ण अंक पत्र संगत साक्ष्य सहित अपने अग्रसारण पत्र के साथ समिति कार्यालय के ऊकादमिक भवन अवस्थित संबित जिला के परीक्षा प्रशाखा (गृह) में दिनांक 20.06.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करना/कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उसका सुधार करने की कार्रवाई की जा सके। निर्धारित तिथि तक विवरणी जमा नहीं करने की स्थिति में यदि किसी छात्र/छात्रा के अंक पत्र में फोटो संबंधित त्रुटि रह जाती है, तो इस पर विचार नहीं किया जाएगा और इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यालय के प्रधान की होगी।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि समिति के विशेष दूत द्वारा आपूरित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित छात्र/छात्रा का अंक पत्र, औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं क्रॉस लिस्ट/सारणीयन पंजी का पैकेट/बंडल संबंधित विद्यालय के प्रधान अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि को अविलंब प्राप्त कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। साथ ही विद्यालय के प्रधान को अपने स्तर से अनिवार्य रूप से निदेश देंगे कि छात्र/छात्रा को अंक पत्रादि वितरण कराते समय किसी दूसरे विद्यालय के छात्र/छात्रा का अंक पत्रादि उन्हें प्राप्त हो जाय, तो उसे शीघ्र अपने अग्रसारण पत्र के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में वापस करना/कराना सुनिश्चित करेंगे ताकि संबंधित विद्यालय के प्रधान को प्राप्त कराया जा सके।

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 128/2026 परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM
INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)
NCHMCT | BIHAR TOURISM
DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT
3 Years B.Sc. in Hotel Management Fee:Rs.3,50,000/- Approx.
1½ Year Diploma in F & B Service Fee:Rs.60,000/- Approx.
1½ Year Diploma in Food Production Fee:Rs.82,000/- Approx.
DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)
हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है